राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

rajssashaladarshan@gmail.com फोन–0141–2711964

क्रमांक : राप्राशिप/जय/शाला दर्शन/ 2017–18 / 8662 दिनांक : 06/11/17

जिला शिक्षा अधिकारी प्रा. शि. एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिले।

विषय : सीधी भर्ती से नवचयनित तृतीय श्रेणी अध्यापकों के पदस्थापन के संबंध में दिशा–निर्देश।

उपर्युक्त विषय अन्तर्गत लेख है कि सीधी भर्ती से नवचयनित तृतीय श्रेणी अध्यापकों के पदस्थापन के लिए रिक्तियों को शाला दर्शन पोर्टल द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। चयनित रिक्तियां विद्यालयों में फिजीकली रिक्त हो इस क्रम में निम्नांकित दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें–

1. सभी प्रावि/उप्रावि में कार्यरत समस्त अध्यापकों/शैक्षणिक कार्मिकों का शाला दर्शन पर अपडेशन होना अतिआवश्यक है। अतः समस्त बीईईओ शाला दर्शन पोर्टल पर "कार्मिक कार्यमुक्ति एवं कार्यग्रहण" मॉडयूल का शत–प्रतिशत अपडेशन सुनिश्चित करें।
2. समस्त बीईईओ कार्मिक का पदस्थापन पद विरूद्ध होने एवं पद शिफ्टिंग की स्थिति में कार्मिक को विद्यालय में कार्यग्रहण करवाकर पद शिफ्टिंग हेतु प्रस्ताव निदेशालय बीकानेर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। कार्मिक के मूल पद अनुसार पद शिफ्ट हो जाने पर तुरन्त पोर्टल पर "कार्मिक कार्यमुक्ति एवं कार्यग्रहण" मॉडयूल में कार्मिक का अपडेशन करें।
3. समस्त बीईईओ ब्लॉक में कार्यरत अध्यापकों/शैक्षणिक कार्मिको की पीईईओ द्वारा प्रमाणित मासिक उपस्थिति प्राप्त कर वेतन आहरित करना सुनिश्चित करें।
4. समस्त प्रकार की काउन्सलिंग से पदस्थापन में किसी पद पर दोहरा पदस्थापन हो जाने की स्थिति में प्रकरण का प्रस्ताव बनाकर राप्राशिप, जयपुर एवं निदेशालय बीकानेर को तुरन्त सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।
5. यदि पोर्टल अपडेशन के अभाव में पदस्थापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की विसगंति उत्पन्न होती है तो होने वाली कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकार जिम्मेदार होंगे।

अतः उपर्युक्त दिशानिर्देशों की पालना सुनिश्चित करे।

(जस्सा राम चौधरी)
अति. आयुक्त

क्रमांक : राप्राशिप/जय/शाला दर्शन/ 2016–17 / 8663 दिनांक : 06/11/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
2. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, निदेशालय बीकानेर।
3. निजी सहायक, अति. आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

6/11/17
अति.आयुक्त

www.rajteachers.com